आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 16.11.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार का लक्ष्य भारत को वोट–बैंक की राजनीति से परे एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

- केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए तेज हुआ चुनाव प्रचार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चोपता और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने उखीमठ में जनसभा को संबोधित किया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने वैदिक पुराणों और वेदों के ज्ञान को जन–जन तक पहुंचाने पर जोर दिया है।
- बागेश्वर तथा पिथौरागढ़ जिलों में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ का हुआ शुभारंभ।

लीडरशिप समिट
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि उनकी सरकार का लक्ष्य वोट बैंक की राजनीति से परे हटकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। एक निजी मीडिया संगठन द्वारा आयोजित लीडरशिप समिट को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के लिए, लोगों द्वारा प्रगति के मंत्र के साथ काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार विकास का ऐसा मॉडल अपना रही है जहां निवेश से प्रगति और रोजगार को गति मिलती है। श्री मोदी ने कहा कि 2014 में देश का केंद्रीय बजट लगभग 16 लाख करोड़ रुपये था और आज यह 48 लाख करोड़ रुपये है।

केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव
रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोरों पर है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत ने आज उखीमठ समेत अन्य गांवों में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर जनसंपर्क किया और जनसभाओं को संबोधित किया।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चोपता और चंद्रनगर में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। श्री धामी ने कहा कि आज केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र और पूरे प्रदेश में हो रहे विकास को देखा जा सकता है। उधर, उत्तराखंड क्रांति दल और निर्दलीय प्रत्याशी भी जनसभाओं, जनसंपर्क और अन्य माध्यमों से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगे हुए हैं। गौरतलब है कि केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा।

नगर निकाय स्थानीय सामान्य निर्वाचन
प्रदेश में आगामी नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को लेकर संबंधित जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चमोली में जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निकाय चुनाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। इस बीच, हरिद्वार की मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने चुनाव तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने और सुरक्षा के सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए।

उर्वरक बिक्री केन्द्र

हरिद्वार के रूडकी स्थित मुडलाना गांव में उर्वरक बिक्री केन्द्र खुलने से किसान उत्साहित नजर आ रहे हैं। उर्वरक बिक्री केन्द्र का उद्घाटन करते हुए पूर्व गन्ना मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल में किसानों के लिए बहुत कार्य किए है और भाजपा हर समाज को सम्मान देने का काम करती है। स्थानीय किसानों का कहना है कि खाद बिक्री केंद्र खुलने से उन्हें लाभ मिलेगा।

भारतीय वैदिक सम्मेलन

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने वैदिक पुराणों और वेदों के ज्ञान को जन–जन तक पहुंचाने पर जोर दिया है। हरिद्वार के सूरत गिरी बांग्ला आश्रम में तीन दिवसीय अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विद्वानों के बीच आकर संस्कृत के मंत्रोच्चार सुनकर उन्हें आनंद की अनुभूति हुई है।

सम्मेलन में देशभर से आए विद्वान वेदों से जुड़े विषयों पर विचार–विमर्श कर रहे हैं। कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने भी हिस्सा लिया।

बागेश्वर खेल महाकुंभ

बागेश्वर में जिला स्तरीय खेल महाकुंभ शुरू हो गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव और विधायक सुरेश गढ़िया ने आज खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि खेल प्रतिभाएं उत्तराखंड का गौरव बढ़ा रही हैं और सरकार खेलों में युवाओं का बेहतर भविष्य बनाने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि इस महाकुंभ के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है। जिला युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत ने बताया कि विजयी प्रतिभागी 21 नवंबर को देहरादून में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

खेल महाकुंभ में हैंडबॉल, खो–खो, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, बास्केटबॉल समेत 16 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

पिथौरागढ़ खेल महाकुंभ

वहीं, पिथौरागढ़ के स्पोर्ट्स स्टेडियम में भी आज से जिला स्तरीय खेल महाकुंभ शुरू हो गया है। जिला युवा कल्याण अधिकारी जगदीश नेगी ने बताया कि खेल महाकुंभ में जिले के सभी आठ विकास खंडों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। खेल महाकुंभ में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों ने बताया कि उनका लक्ष्य इस प्रतियोगिता को जीतकर राज्य स्तर और फिर राष्ट्रीय स्तर पर खेलना है।

कपाट बंद प्रक्रिया

चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट कल रात 9 बजकर 7 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। धाम में कल से वेद ऋचाओं का वाचन बंद हो गया है। अब गुप्तमंत्रों से बदरीनाथ की पूजाएं हो रही हैं। गौरतलब है कि 13 नवंबर से धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रियाएं शुरू हो गई थीं।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष 16 नवम्बर को प्रेस दिवस मनाया जाता है। 1966 में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था।

परिषद यह सुनिश्चित करती है कि प्रेस उच्च मानकों को बनाए रखे और किसी धमकी और प्रभाव के आगे नहीं झुके। यह दिवस न केवल प्रेस की उपलब्धियों को दर्शाता है बल्कि पारदर्शी और शिक्षित समाज के निमार्ण में इसके उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देता है।

इस वर्ष मुख्य समारोह की थीम है प्रेस का बदलता स्वरूप। इस अवसर पर प्रदेश के जिला सूचना कार्यालयों में प्रेस की बदलती प्रकृति विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मीडिया प्रतिनिधियों ने 'प्रेस की बदलती प्रकृति' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।